दिनांक : 01.04.2024 समय : 02.10पीएम

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रदेश – चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा सहित अन्य दल चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोपहर में छिंदवाड़ा के चौरई में चुनाव प्रचार में भाग लेंगे। शाम को शाहपुरा चांद पहुंचकर स्थानीय कार्यकर्मों में शामिल होंगे और प्रबुद्धजन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। 2 अप्रैल को केंन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना प्रवास पर रहेंगे। 3 अप्रैल को केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी खजुराहो प्रवास पर रहेंगी और 6 अप्रैल को केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सीधी प्रवास पर रहेंगे।

उधर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कल देर शाम राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। आज भी उनके कई कार्यक्रम है।

....

भाजपा–कांग्रेस बैठक

भारतीय जनता पार्टी की चुनावी घोषणा पत्र समिति की बैठक नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में चल रही है। समिति आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी का घोषणा पत्र तैयार करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के अध्यक्षता में गठित 27 सदस्यों की समिति की यह पहली बैठक है। इसमें शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नई दिल्ली पहुंच गए हैं। इस बीच, कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति की भी नई दिल्ली में बैठक हो रही है जिसमें लोकसभा चुनावों के लिए तेलंगाना के उम्मीददवारों के नामों पर फैसला लिया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और अन्य नेता बैठक में मौजूद हैं।

....

भाजपा सदस्यता

कांग्रेस को झटका देते हुए छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहाके आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। छिंदवाड़ा नगर निगम जल विभाग सभापति प्रमोद शर्मा, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सिद्धांत थनेसर, एनएसयूआई के पदाधिकारी आशीष साहू, धीरज राऊत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुमित दुबे ने आज भोपाल में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद थे। इसके पहले भी छिंदवाड़ा से कई बड़े नेता कांग्रेस से भाजपा में आ चुके हैं।

....

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

....

शैक्षणिक सत्र–प्रवेशोत्सव

प्रदेश में आज से नवीन शैक्षणिक सत्र 2024–25 प्रारंभ हो गया है। लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में आज नवीन शैक्षणिक सत्र 2024–25 में प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। राज्य शिक्षा केन्द्र संचालक धनराजू एस ने बताया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की स्थानीय परीक्षाएं संपन्न हो गई हैं। समस्त बच्चों को नवीन कक्षाओं में प्रावधिक प्रवेश देने के पश्चात ग्रीष्म अवकाश के पूर्व तक अध्ययन–अध्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। इसी क्रम में नव प्रवेशित बच्चों को स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय के कैचमेंट में आने वाले समस्त विद्यालयों के अप्रवेशित विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- वित्तीय वर्ष 2023–24 में मध्यप्रदेश का जीएसटी कलेक्शन 46 प्रतिशत बढ़कर 3 हजार 331 करोड़ रूपये हो गया है। ये अब तक का सर्वाधिक कलेक्शन है।
- अप्रैल माह के प्रथम कार्य दिवस के अवसर पर गुना कलेक्ट्रेट कार्यालय की शुरूआत राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय गीत के साथ की गई। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह सहित समस्त अधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय गीत गाया।
- उज्जैन, बड़वानी, भोपाल सहित प्रदेश में आज शीतला सप्तमी के अवसर पर शीतला माता मंदिरों में महिलाओं ने पूजा–अर्चना की। वहीं एक दिन पहले बनाया गया ठंडा भोजन शीतला माता को अर्पित किया और परिवार में सुख–शांति की प्रार्थना की।

....